प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

खनन

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते कल वन निगम के निदेशक मंडल की बैठक में बताया कि वन संरक्षण अधिनियम की मंजूरी के बाद राज्य वन विकास निगम पहली बार ब्यास नदी में स्वयं खनन गतिविधियां शुरू करेगा। उन्होंने परियोजनाओं के दायरे में आने वाले पेड़ों को काटने की अनुमति डीएफओ स्तर के अधिकारियों को देने की संभावनाएं तलाशने को कहा और दोषी ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर जुर्माना लगाने के भी निगम को निर्देश दिए।

मुकेश अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बीते कल केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिल से मुलाकात कर जल जीवन मिशन की लंबित राशि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजनाओं के लिए राशि जारी करने का आग्रह किया है। अग्निहोत्री ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में केंद्र की ओर से जल जीवन मिशन के लिए 9 सौ 16 करोड़ 53 लाख रूपए आवंटित किये जाने के बावजूद प्रदेश सरकार को फंड नहीं दिया जा रहा है, जिससे इन परियोजनाओं की प्रगति पर खासा असर पड़ रहा है। उप मुख्यमंत्री के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री सी.आर पाटिल ने इन मामलों की समीक्षा का आश्वासन देते हुए कहा कि इन महत्वपूर्ण योजनाओं को पूरा करने के लिए तुरंत फंड जारी करने को सुनिश्चित किया जाएगा।

मिंजर मेला

चंबा जिला के अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर मशहूर पंजाबी गायिका अफसाना खान ने एक के बाद एक कई खूबसूरत गीत गाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। इससे पहले स्थानीय कलाकारों ने चंबा के पारंपरिक लोकगीत कुंजड़ी मल्हार की प्रस्तुति से खूब समा बांधा। इस मौके पर हिमाचली गायिका पूनम भारद्वाज सहित अन्य कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

वन महोत्सव

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज अपने सरकारी आवास ओकओवर में पौधा रोपित कर 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों और वन विभाग के 41 वन मंडलों में स्थानीय विधायकों की उपस्थिति में वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मुख्यमंत्री के साथ वेबीनार द्वारा जुडकर एक साथ पौधारोपण कर वन महोत्सव में शामिल होंगे। वन विभाग ने मानसून सीजन के दौरान प्रदेश में एक करोड़ 91 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य तय किया है।

मौसम

प्रदेश में बीते करीब एक सप्ताह से चल रहा बारिश का सिलसिला आगामी दो–तीन दिन इसी तरह जारी रहेगा। बीते कल राज्य के अधिकांश भागों में बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र ने पहली अगस्त तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं कुल्लू, सोलन, सिरमौर, शिमला और किन्नौर में भू–स्खलन व बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है। राज्य में हो रही मूसलाधार बारिश को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने सड़कों को बहाल करने के लिए मशीनरियों के साथ–साथ मजदूरों की भी तैनाती की है। राज्य सरकार ने विभाग को 24 घंटे के भीतर सड़कें बहाल करने के निर्देश दिए हैं। बीती रात कुल्लू जिला की मनिकर्ण घाटी के तोष की पहाड़ियों में बादल फटने का समाचार है। बादल फटने से तोष नाले में भारी बाढ़ आ गई जिससे एक मकान, एक पुल, तीन अस्थाई शैड व कई दुकानों को नुकसान हुआ है। अभी तक इस घटना में किसी तरह के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। प्रशासन की ओर से घटना स्थल पर राहत व बचाव दल भेज दिए हैं। वहीं भारी बारिश के कारण पलचान पुल के पास मलबा व जल भराव से अटल टनल की ओर जाने वाली सड़क एक बार फिर बंद हो गई है। ब्यास नदी के जलस्तर में बढ़ौतरी को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों से नदी के समीप न जाने की अपील की है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.......

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से पंजाब केसरी ने सुर्खी दी है राज्य वन निगम के दोषी ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट, होगी वसूली। दैनिक भास्कर का शीर्षक है सीएम ने वन निगम को दोषी ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने और वसूली की कार्रवाई करने के दिए निर्देश। दैनिक सवेरा टाइम्स के शब्द हैं ब्लैकलिस्ट होंगे वन निगम के दोषी ठेकेदार। हिमाचल दस्तक लिखता है वन विकास निगम करेगा ब्यास नदी में खनन।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है पटवारी–कानूनगो के स्टेट कैडर पर गतिरोध बरकरार। दैनिक जागरण का कहना है नहीं हटेगा पटवारी–कानूनगो का स्टेट कैडर, वार्ता विफल। दैनिक भास्कर लिखता है संयुक्त पटवारी व कानूनगो महासंघ की सरकार से वार्ता असफल, कलम छोड़ हड़ताल की चेतावनी दी।

कालका–शिमला फोरलेन पर चलती गाड़ी पर पहाड़ी से गिरे पत्थर, एक की मौत शीर्षक से अमर उजाला लिखता है सोलन के दत्यार में हादसा, तीन घायल, पंजाब निवासी की गई जान। इसी पत्र की एक अन्य खबर है गुरूग्राम की हेलिकॉप्टर कंपनी में शिमला पुलिस की दबिश।

दैनिक भास्कर की एक खबर है हाईकोर्ट ने डीसी चंबा से पूछा–मिंजर मेले में बनाई अस्थायी दुकानों में कारोबार पहले क्यों शुरू किया।